प्रेस विज्ञप्ति

रायपुर, दिनांक 8 फरवरी, 2014

श्री मोतीलाल वोरा ने निर्वाचन अधिकारी से राज्यसभा निर्वाचन का प्रमाण-पत्र प्राप्त किया.

छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की एक सीट से निर्वाचित होने के पश्चात् श्री मोतीलाल वोरा ने आज राज्यसभा द्विवार्षिकी निर्वाचन के लिए नियुक्त निर्वाचन अधिकारी एवं प्रमुख सचिव विधानसभा श्री देवेन्द्र वर्मा से निर्वाचित होने संबंधी प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष श्री टी.एस. सिंहदेव, विधायक श्री धनेन्द्र साहू, श्री अरूण वोरा, पूर्व विधायक श्री ताम्रध्वज साहू, सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्री मोतीलाल वोरा ने विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल एवं मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल एवं मान. मुख्यमंत्री ने उन्हें पुष्प-गुच्छ भेंट कर अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रमुख सचिव विधानसभा ने भी पुष्प-गुच्छ भेंट कर माननीय श्री मोतीलाल वोरा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।